वर्ष-01, अंक-139
छपरा
रविवार 17 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू


E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# लोकसभा चुनाव 7 फेज में, नतीजे 4 जून को

## वोटिंग 19 अप्रैल से 1 जून तक; मणिपुर की एक सीट पर 2 फेज में मतदान

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का शनिवार को ऐलान हो गया। इसी के साथ आचार संहिता भी लागू हो गई। 543 सीटों के लिए चुनाव सात फेज में होगा। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी फेज की वोटिंग 1 जून को होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे। वोटिंग से लेकर नतीजे तक इसमें 46 दिन लगेंगे।

लोकसभा के साथ 4 राज्यों- आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव की तारीखें भी जारी कर दी गई हैं। ओडिशा में 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को वोटिंग होगी। बाकी तीन राज्यों में एक फेज में चुनाव होंगे। अरुणाचल और सिक्किम में 19 अप्रैल, आंध्र प्रदेश में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।




इलेक्शन शेड्यूल में सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 544 सीटें हो गई है। इसकी वजह मणिपुर की आउटर मणिपुर लोकसभा सीट है। इस लोकसभा सीट में 28 विधानसभा सीटें है। 15 विधानसभा सीटों में 19 अप्रैल को और 13 विधानसभा सीटों में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

इलेक्शन शेड्यूल में 543 की जगह 544 सीटें क्यों हैं?

मणिपुर में 2 लोकसभा सीटें- इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर हैं। इनर मणिपुर में 19 अप्रैल को और आउटर मणिपुर में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को चुनाव होंगे।

आउटर मणिपुर में कुल 28 विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से 15 सीटों पर 19 अप्रैल को लोकसभा के लिए मतदान होगा। इसमें हेइरोक, वांगजिंग तेन्था, खंगाबोक, वबागाई, ककचिंग, हियांगलाम, सुगनू, चंदेल (एसटी), सैकुल (एसटी), कंगपोकपी, सैतु (एसटी), हेंगलेप (एसटी), चुराचांदपुर (एसटी), सैकोट (एसटी), और सिंघाट (एसटी) शामिल हैं।

इसके अलावा, आउटर मणिपुर की बाकी 13 विधानसभा सीटों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। ये हैं जिरीबाम, तेंगनौपाल (एसटी), फुंगयार (एसटी), उखरुल (एसटी), चिंगाई (एसटी), करोंग (एसटी), माओ (एसटी), तडुबी (एसटी), तामेई (एसटी), तामेंगलोंग (एसटी), नुंगबा (एसटी), टिपाईमुख (एसटी), और थानलॉन (एसटी)।

इससे पहले 2019 लोकसभा चुनाव में भी ऐसा ही हुआ था। इसलिए इलेक्शन शेड्यूल के सभी 7 फेज में सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 544 सीटें हो गई।

### बिहार में मंत्रियों के विभाग बंटे

## मांझी के बेटे को 3 डिपार्टमेंट, मंगल पांडेय को फिर हेल्थ, सम्राट से ज्यादा पावरफुल विजय सिन्हा

**पटना,एजेन्सी।** बिहार में मंत्रियों के शपथ ग्रहण के 24 घंटे के अंदर ही सरकार ने विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। विभागों के बंटवारे में नीतीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की मांग मान ली है। मांझी के बेटे संतोष सुमन का विभाग बदला गया है। उन्हें तीन विभाग सौंपे गए हैं। संतोष सुमन को सूचना प्रौद्योगिकी,लघु जल संसाधन और आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी मिली है। इसके साथ ही मंगल पांडेय को फिर से स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी मिली है। विभागों के बंटवारे में सम्राट चौधरी से ज्यादा पावरफुल विजय सिन्हा को बनाया गया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सिर्फ वित्त और वाणिज्य कर विभाग का जिम्मा मिला है। जबकि बीजेपी कोटे से दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को भारी भरकम विभाग पथ निर्माण, खान एवं भूतत्व के साथ कला संस्कृति एवं युवा विभाग दिया गया है। कैबिनेट सचिवालय से जारी अधिसूचना के मुताबिक, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अफसरों से जुड़े विभाग सामान्य प्रशासन और गृह विभाग को अपने पास रखा है। सीएम नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन को भी अपने पास रखा है। यहीं नहीं ऐसे सभी विभाग जो किसी को नहीं दिए गए हैं, उसे उन्होंने अपने पास रखा है।
जदयू कोटे के मंत्री शीला मंडल, लेसी सिंह, मदन सहनी, श्रवण कुमार के पोर्टफोलियो में कोई बदलाव नहीं हुआ है। शिक्षा सुनील कुमार संभालेंगे। जयंत राज को भवन जैसे बड़ा विभाग मिला। महेश्वर हजारी को आईपीआरडी की जिम्मेदारी दी गई है।

## राहुल बोले- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हफ्ता वसूली की गई

### न्याय यात्रा के दौरान ठाणे में कहा- मोदी-अडानी एक ही है, इन्हें मोडानी कहें

**ठाणे,एजेन्सी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार (16 मार्च) को महाराष्ट्र के ठाणे पहुंची। यहां राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हिंदुस्तान में हफ्ता वसूली चल रही है। कोई भी कुछ बोलता है तो ED, CBI, IT उन्हें डराने पहुंच जाती है।राहुल गांधी ने कहा कि अडानी को रेलवे, सड़क, सुरक्षा और बिजली, इन सभी सेक्टर से पैसा मिलता है। अडानी का मतलब नरेंद्र मोदी ही है। दोनों एक ही हैं। आप इन्हें मोडानी भी कह सकते हैं। इसके अलावा राहुल ने कहा कि पीएम मोदी बोलते थे कि उन्हें देश से भ्रष्टाचार मिटाना है।

## भाजपा का चुनावी सॉन्ग- मैं मोदी का परिवार हूं-पीएम ने शेयर किया

### 3:13 मिनट के गाने में 12 भाषाएं, किसानों-महिलाओं-युवाओं का जिक्र

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** पीएम ने मैं मोदी का परिवार कैंपेन का जो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, भाजपा ने शनिवार (16 मार्च) को अपने चुनावी कैंपेन मैं मोदी का परिवार हूं का थीम सॉन्ग लॉन्च कर दिया है। ये वीडियो पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। इस पर लिखा- मेरा भारत, मेरा परिवार। वीडियो में देश के हर कोने के लोगों की झलक दिखाई गई है। महिलाओं से लेकर किसानों-मजदूरों तक और छात्रों से लेकर युवाओं के लिए लागू की गई योजनाओं का इस वीडियो में जिक्र किया गया है। देशभर में पीएम की सभाओं, उनके दौरों की झलकियां इस वीडियो में हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के समय मंदिर निर्माण में शामिल मजदूरों पर फूल बरसाने का फुटेज भी इसमें शामिल किया गया है।




## मतदाता जागरुकता को ले स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी




**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बांसोपाली मध्य विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। साथ ही इस निमित्त शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन कर शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक विश्वमोहन कुमार सिंह ने बताया कि प्रभातफेरी व मतदाता जागरूकता नारों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही प्रधानाध्यापक ने मतदाताओं से अचूक रूप से मतदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक विश्वमोहन कुमार सिंह, शिक्षक अभय कुमार, राजेश प्रसाद, नंदजी साह, व बैकुंठ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक अजय कुमार पटेल, सुजीत कुमार, एमडी इजमामुल हक आदि का योगदान रहा।

## सीडीपीओ कार्यालय में पोषण पखवाड़ा व गोदभराई की रस्म

**गुठनी(सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सीडीपीओ कार्यालय में शनिवार को पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सीडीपीओ सरोज कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील नारायण सिंह, बीडीसी भीम राज यादव और वाल्मिकी प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका व पर्यवेक्षकों ने पोषण पखवाड़े की सफलता के लिए शपथ ली। सीडीपीओ ने बताया कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लाभुकों को मिलना चाहिए जिससे उन्हें कुपोषण से पूरी तरह मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि मार्च महीने में होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चो, गर्भवती महिलाओं और प्रसूता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इसमें किसी भी तरह के कुपोषण का शिकार ना हो इसका ख्याल रखा जा रहा है। सीडीपीओ ने इस क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले तीन कार्यकर्ताओं संयुक्ता पांडेय, गुड्डी देवी और रीता देवी को सम्मानित किया। इस मौके पर पूजा कुमारी, नीतू कुमारी, सुमन कुमारी, राकेश कुमार, आलम आदि मौजूद थे।

## मासिक बैठक में आशा को दिए गए कई निर्देश

**बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी डा. रविरंजन व स्वास्थ्य प्रबंधक सरफराज अहमद की संयुक्त अध्यक्षता में आशा की बैठक हुई। बैठक में आशा को कई दिशा निर्देश दिए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने आशा को अपने पोषक क्षेत्र से प्रति माह तीन प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराने का लक्ष्य निर्धारित किया। इसके अलावा नियमित टीकाकरण का विवरण सर्वे रजिस्टर में अद्यतन रखने, बदलते मौसम के तहत कालाजार, मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया रोग से बचाव संबंधित जानकारी दी गई। एनसीडी के अंतर्गत सभी आशा को अपनी पोषक क्षेत्र में लक्ष्य के अनुसार संपर्क करने, रजिस्टर में दर्ज कर पोर्टल पर डाटा अपलोड करने संबंधित कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में विजय शंकर सिंह तथा आरती कुमारी ने भी आयुष्मान कार्ड समेत कई जानकारियां दी। इस मौके पर काफी संख्या में आशा उपस्थित थे।

## होली व लोकसभा चुनाव को ले जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**दारौंदा (सिवान)।** होली एवं लोकसभा चुनाव को ले क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर शनिवार को दारौंदा थाने की पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से आरंभ होकर दारौंदा मुख्य बाजार, जंक्शन , सब्जी मंडी, बैंक मोड़, पिपरा- दारौंदा मार्ग होते हुए विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर पुन~ थाना परिसर में आकर संपन्न हो गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि होली व लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण चुनाव को संपन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से कोई कमी नहीं की जाएगी। शरारती तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। इस मौके पर एएसआइ विपिन कुमार महतो, गुरुदेव मंडल, नीरज कुमार आदि फ्लैग मार्च में शामिल थे।

## कक्षा में उपस्थिति कम होने पर 130 छात्रों को प्राचार्य से परीक्षा से रोका

### परीक्षा से वंचित छात्रों ने विद्यालय के मुख्य गेट पर किया हंगामा

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज में शनिवार से शुरू हुई नौवीं की वार्षिक परीक्षा के प्रथम दिन ही 30 प्रतिशत से भी कम उपस्थिति वाले छात्रों को प्राचार्य लालाबाबू कुमार ने परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया। प्राचार्य ने बताया कि कुल 130 छात्र ऐसे हैं जिनकी कक्षा में उपस्थिति करीब 30 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर परीक्षा से रोकने का नियम है। उन्होंने सभी 130 छात्रों को विद्यालय परिसर से बाहर निकाल दिया। परीक्षा से अपने को वंचित होते देख छात्रों में हड़कंप मच गया। परीक्षा से वंचित छात्र विद्यालय की चारदीवारी के बाहर मुख्य द्वार पर खड़ा होकर हंगामा करने लगे। छात्रों के आक्रोश को देखते हुए प्राचार्य ने थाना को सूचित किया। सूचना मिलने पर एसआइ सत्यनारायण मंडल दलबल के साथ विद्यालय पहुंच स्थिति का जायजा लिया तथा प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों से इस संदर्भ में वार्ता की। पुलिस पदाधिकारी ने प्राचार्य से आग्रह कर छात्रों को परीक्षा में शामिल कराया तथा छात्रों को निर्देशित किया कि सोमवार को अपने अभिभावक के साथ विद्यालय आना है अन्यथा परीक्षा वंचित कर दिया जाएगा। इस प्रकार छात्र एक घंटे विलंब से परीक्षा में शामिल हुए।



# सारण लोस का चुनाव पांचवे चरण में 20 मई को, तो महारागंज लोस का चुनाव छठे चरण में 25 मई को होगा

## सारण लोस चुनाव के लिए 26 अप्रैल व महाराजगंज लोस के लिए 29 अप्रैल से होगा उम्मीदवारों का नामांकन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** लोकसभा के लिए शनिवार को चुनाव का ऐलान कर दिया गया। इसके साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराने को तैयारी तेज कर दी गई है। चुनाव घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है वही साथ साथ जिले में धारा 144 लागू हो गई है। पांचवे चरण में सारण लोस चुनाव के लिए 26 अप्रैल से नामांकन पत्र का दाखिला शूरु होगा, जबकि महाराजगंज लोस के लिए छठे चरण में 29 अप्रैल से उम्मीदवारों का नामांकन शूरु होगा। वहीं सारण लोस का चुनाव पांचवे चरण में 20 मई को, तो महारागंज लोस का चुनाव छठे चरण में 25 मई को होगा। दोनों लोकसभा चुनावों की मतगणना 4 जून को कराई जायेगी।

**सारण लोस के लिए 26 अप्रैल से शूरु होगा उम्मीदवारों का नामांकन :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह सारण जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि सारण लोस का चुनाव पांचवें चरण में होगा। सारण लोकसभा चुनाव को ले जिले में 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो तीन मई तक चलेगी। चार मई को नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा की जाएगी। वहीं छः मई तक उम्मीदवार नामांकन वापसी ले सकेंगे। इसके लिए 20 मई को मतदान होगा। वहीं चार जून को मतगणना कराई जायेगी और जीते प्रत्याशी की घोषणा होगी। इसके साठ ही छह जून को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी।

**महाराजगंज लोस के लिए 29 अप्रैल से शूरु होगा उम्मीदवारों का नामांकन :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह सारण जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि जिले में छठवें चरण में चुनाव होगा। महाराजगंज लोकसभा चुनाव को ले जिले में 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो छह मई तक चलेगी। सात मई को नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा की जाएगी। वहीं नौ मई तक उम्मीदवार नामांकन वापसी ले सकेंगे। इसके लिए 25 मई को मतदान होगा। वहीं चार जून को मतगणना कराई जायेगी और जीते हुए उम्मीदवार की घोषणा होगी। इसके साथ ही छह जून को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी।



## सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग कांडों में संलिप्त 13 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने लूट कांड, शराब निर्माण, अवैध बालू बिक्री ,कुर्की अधिपत्र सहित अन्य मामलों में कुल 13 लोगों को सोनपुर पुलिस ने अलग अलग स्थानों में छापेमारी कर गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। वही मौके पर लूट गए एक मोबाइल,2 बालू लदे ट्रक, एक हाईवा,450 लीटर देशी शराब जब्त किया है । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि 5224 को सोनपुर बाजार में झपट्टा मारकर बाइक सवार तीन बदमाश एक व्यक्ति का मोबाइल छीन लिया था। इसे लेकर सोनपुर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। इस कांड में छीने गए मोबाइल के साथ वैशाली जिले के हाजीपुर नगर थाना अंतर्गत मुक्ति मोहल्ला के मोहम्मद मोनू उर्फ मोहम्मद रियाज को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से युक्त मोबाइल को भी बरामद कर लिया गया। उसकी निशान देही पर इस घटना में शामिल अन्य दो अपराध कर्मियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा कुर्की अधिपत्र के अभियुक्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें विनोद सिंह पिता शंभू सिंह सबलपुर बभन टोली ,जीवन राय पिता सिपाही राय सबलपुर पछियारी, एनबीडब्ल्यू वारंट अधिपत्र के अभियुक्त गोरख राय पिता राम जी राय सबलपुर चहारम को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शराब निर्माणकर्ता, शराब निर्माण कार्य में सहयोग करने वाले कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार अभियुक्त सचिता महतो पिता पिता स्वर्गीय पूजन महतो ,लालू कुमार,नितेश कुमार,सुकेश कुमार तीनो पिता सचिता महतो है । अवैध बालू लदे दो ट्रक ,एक हाईवे को जब्त करते हुए कुल तीन वाहन को पुलिस ने बाईपास से जब्त करते हुए ट्रक चालक, उप चालक कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अलग-अलग मामले में पुलिस ने कल 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं दूसरी ओर इस्माइल चक चवर के पास दो अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त करते हुए पुलिस ने हजारों अर्ध निर्मित शराब को विनिष्ट करते हुए मौके पर 450 लीटर देसी शराब भी बरामद कर लिया है।

## मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में कटेया गांव के कन्हैया कुमार सिंह, दुमदुमा गांव के रामकुमार सिंह, दीनदयाल सिंह व प्रदीप सिंह समेत पांच लोग शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गयी है।



## प्रखण्ड वार्ड सदस्य संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर/मकेर ( सारण )**प्रखंड वार्ड सदस्य संघ ने प्रखंड उपाध्यक्ष मनीष कुमार मालाकार के नेतृत्व में बीडीओ रितिका सहाय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के दीर्घकालीन अनुश्रवण के तहत अनुरक्षक मद की राशि की भुगतान अभी तक एक बार भी नहीं होने पर वार्ड सदस्य आक्रोशित हैं। वहीं बगल के प्रखंड परसा और अमनौर में भुगतान किया जा चुका है। इधर बीडीओ रितिका सहाय ने बताया कि भुगतान की प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार राय, उपाध्यक्ष मनीष कुमार मालाकार, रितेश सिंह पटेल, उपमुखिया मो. इकबाल, अखिलेश कुमार, विकास कुमार महतो,चंदन कुमार, शैलेश कुमार सहित दर्जनों वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी अमन समीर ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैंडिंग कमिटी की बैठक की।विभिन्न दलों के उपस्थित सदस्यों को निर्वाचन की घोषणा के साथ ही प्रभावी आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें संपत्ति विरूपण अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। चुनाव प्रचार से संबंधित सभा के आयोजन हेतु जिला में पूर्व से ही 72 स्थलों को चिन्हित किया गया है जिसे सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा किया गया है। चुनाव प्रचार से संबंधित पम्पलेट आदि के मुद्रण से संबंधित प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## सांसद के सौजन्य से पांच दिव्यांगो को मिली ट्राईसाइकिल

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर(सारण)।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से अमनौर स्थित विश्वा प्रभा केंद्र पर पांच दिव्यांग जनों को ट्राई साईकिल का वितरण हुआ। शनिवार को को स्थानीय सांसद श्री रूडी के निर्देश पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह, भाजपा नेता कामेश्वर ओझा और भाजपा मंडल अध्यक्ष भूलन सिंह द्वारा सयुक्त रूप से ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों को वितरण कियागया।इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा नेता जीतेन्द्र सिंह युवा मोर्चा सुमंत तिवारी, सदाम अंसारी, मिथलेश मांझी, चैनशर महतो सहित अनेक लोग उपस्थित थे। ट्रासाइकिल मिलने पर दिव्यांगो ने खुशी ब्यक्त की और सांसद राजीव प्रताप रूडी को धन्यवाद दिया।



## पूर्वी धुन के जनक पंम़हेन्द्र मिश्र की जयंती समारोह पूर्वक मनी



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** पूर्वी धुन के जनक पं.महेंद्र मिश्र की जयंती शनिवार को समारोह पूर्वक मनाई गई।सबसे पहले चौक पर स्थित पंम़हेन्द्र मिश्र की प्रतिमा पर स्मारक समिति के संयोजक एवं समाजवादी नेता कन्हैया प्रसाद सिंह तूफानी, बीडीओ मंजू कुमारी,जेपी सेनानी ललनदेव तिवारी,रामनाथ मिश्र,विनय कुमार मिश्र,नागेन्द्र राय,विवेकानंद तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण किया।उसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों ने महेंद्र मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर शोध करने की जरूरत जताई। संगीत एवं लोक गीतों तथा महेंद्र रामायण के अविलंब प्रकाशन की मांग भी उठी।ताकि भोजपुरी की साहित्यिक स्मिता ज्यादा स्मृद्ध हो सके। मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय परिसर में ही शाम में होगा।

**कवि सम्मेलन में कविता पाठ का लोगों ने लिया आनंद:** शुक्रवार की देर संध्या आयोजित कवि सम्मेलन में स्थानीय कवियों ने कविता पाठ श्रोताओं को आनंदित किया।कवि सम्मेलन में हास्य कलाकार सत्येंद्र दूरदर्शी,सचिन शांडिल्य,प्रणव पराग,हरनाथ प्रसाद सिंह ने कविता पाठ किया।संचालन सुशील कुमार साहिल ने किया। इससे पूर्व सदर एसडीओ संजय राय ने कवियों को शाल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## अकबरपुर पंचायत के मुखिया पर वार्ड सदस्यों ने मनमानी का लगाया आरोप

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखण्ड क्षेत्र के अकबरपुर पंचायत के दस वार्ड सदस्यों ने मुखिया पर आरोप लगाते हुए प्रखण्ड पंचायती पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि ससमय ग्राम सभा कार्यकारणी की बैठक किये बिना ही मनमानी तरीके से योजना का क्रियान्वयन व सरकारी राशि का बंदरबाट की जा रही है। इस कार्य मे पंचायत सचिव से लेकर पीआरएस तक का मिलीभगत है आरोप लगाने वाले वार्ड सदस्यों में से मरियम बेगम,आशा देवी,नागेश्वर राम,आशा देवी,बुन्नी लाल राम तथा नागेश्वर पांडेय सहित अन्य है ।इस सम्बंध में मुखिया सरिता देवी के पति सुभाष पांडेय ने बताया कि वार्ड सदस्यों का आरोप बेबुनियाद है।

## एकमा पुलिस ने 950 लोगों पर की निरोधात्मक कार्रवाई

एकमा (सारण)। केन्द्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव भयमुक्त वातावरण में शांति पूर्ण निष्पक्ष ढ़ंग से पूरा करने के उद्देश्य से एकमा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के लगभग 950 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की है। बताया जाता है कि मतदान के प्रति मतदाताओं का रूझान बढ़ाने के उद्देश्य से एकमा बीडीओ सत्येन्द्र पराशर व थानाध्यक्ष उदय कुमार के द्वारा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मतदाताओं को निर्भिक होकर अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## मारपीट कर जाती सूचक गाली-गलौज करने का आरोप

**मकेर (सारण)।** थाना क्षेत्र के हैजलपुर ग्राम निवासी बसंती देवी पति बिजेंद्र राम ने मकेर थाना में एक आवेदन किया है जिसमे उसी गांव के आधा दर्जन युवकों के बिरुद्ध गली गलौज करने के बाद मारपीट करने का आरोप लगाया है ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद में बताया कि आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है ।उन्होंने बताया कि बिजेंद्र राम का पुत्र अजय कुमार राम गांव के मटकोर पूजा में गया था जहाँ कुछ मनचलों युवकों ने वहाँ से भगाने का प्रयास किया नही जाने पर जाति सूचक गाली गलौज किया, फिर मारपीट कर जख्मी कर दिया।उन्होंने बताया कि आधा दर्जन युवकों के नाम है, जिसमें साजन यादव, सन्नी कुमार मुन्ना महतो, बिटू राय व बासु सिंह को नामजद आरोपी बनाया है।फिलहाल किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। हालांकि कि ऐसे मामले में ज्यादातर मामले पूर्वाग्रह के कारण आरोपित को फंसाने के लिए ही किया जाता रहा है, फिर भी पुलिस अपने स्तर से मामले को देख रही हैं।

# छपरा में प्रमंडल स्तरीय परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

## जनसंख्या वृद्धि रोकने में अस्थायी तौर पर संसाधनों का प्रयोग कर काफी हद तक कामयाब: अपर निदेशक



**दैनिक खोज खबर/छपरा ( सारण )।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत प्रमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक सह संबंधित कार्यक्रमों में बेहतर योगदान देने वाले अधिकारी एवं कर्मियों को शहर के निजी होटल में सम्मानित किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन कई के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय अपर निदेशक निदेशक डॉ सागर दुलाल सिन्हा, गोपालगंज के सिविल सर्जन डॉ बीरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक प्रशांत कुमार, लेखा प्रबंधक विजय कुमार राम, क्षेत्रीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी शादान रहमान, प्रमंडलीय आशा समन्वयक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्रीय बायो मेडिकल इंजीनियर साबित्री पंडित, कार्यालय सहायक मनोज कुमार, लेखापाल विजय कुमार, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सिफार) के डीपीसी धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, आईपास के श्याम कुमार सहित सारण प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सारण, सिवान और गोपालगंज जिले के सभी प्रतिभागी उपस्थित थे।

### जनसंख्या वृद्धि रोकने में अस्थायी तौर पर संसाधनों का प्रयोग कर काफी हद तक कामयाब : अपर निदेशक

क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुल प्रजनन दर प्रति महिला बच्चों की कुल संख्या में कमी, आधुनिक गर्भनिरोधों के उपयोग को बढ़ाने, गर्भनिरोधक साधनों की सामुदायिक स्तर पर पहुंच सुनिश्चित करने एवं परिवार नियोजन के प्रति जन- जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से कुल प्रजनन दर की सूची में शामिल बिहार में मिशन परिवार विकास की शुरुआत की गयी है। जिसके माध्यम से जनसंख्या वृद्धि रोकने को लेकर विभिन्न प्रकार के अस्थायी तौर पर संसाधनों का प्रयोग कर काफी हद तक रोका जा सकता है। महिला नसबंदी में गोपालगंज ने 4947 लक्ष्य हासिल किया है। जबकि सारण जिला पुरुष नसबंदी में 102 के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मढ़ौरा एसडीओ और मशरक डीएसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** लोकसभा चुनाव को लेकर मशरक में मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह और मशरक डीएसपी अमरनाथ के नेतृत्व में थाना पुलिस और अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष धनंजय राय और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ.वीणा कुमारी समेत अन्य मौजूद रहें। मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जा रही है। उसी को लेकर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है, उन्होंने कहा कि गांवों में किसी भी तरह की अवैध गतिविधी दिखें तो इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है चुनाव आचार संहिता के पालन में सभी तत्पर रहें। इससे चुनाव में शांति बनाएं रखनें में मदद मिले। फ्लैग मार्च मशरक थाना परिसर से निकल अस्पताल चौक, दुर्गा चौक, महावीर चौक, महाराणा प्रताप चौंक, स्टेशन रोड समेत थाना क्षेत्र के सभी गांवों से गुजरा। मशरक डीएसपी अमरनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव गड़बड़ी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि थाना क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई भी शिकायत हैं तों उनसे मिल अपनी शिकायत रख सकते हैं। लोकसभा चुनाव में वोटरों को भयमुक्त माहौल मुहैया करवाने के उद्देश्य से पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया ताकि आम जनता में विश्वास बहाल किया जा सके।



## छठ घाट का विधिवत शिलान्यास किया गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा शुक्रवार को कोहड़ा बाजार स्थित शिव मंदिर पोखरा के पूरबी किनारे पर 10 लाख 62 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित छठ घाट का विधिवत शिलान्यास किया गया। उसके बाद शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि छठ घाट के निर्माण के बाद व्रती श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। वहीं प्रसिद्ध शिव मंदिर पोखरे का सौन्दर्य भी बढ़ जाएगा। उन्होंने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि देश में विकास के लिए बहुत से ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। लोगों को अब अच्छी सड़क, रेल सुविधा व भरपूर बिजली का लाभ मिल रहा है। कोरोना काल से राशनकार्ड धारियों को मुफ्त राशन मिलने से परेशानी कम हुई है। महिलाओं, किसानों व युवाओं को सरकार ने सम्मान के साथ आगे बढ़ने का भरपूर अवसर दिया है। आप पहले व आज में काफी फर्क देखते होंगे। सत्ता का दुरुपयोग कर लूट-खसोट करने वाले कई लोग जेल जा चुके हैं। सभी जानते हैं कि मोदी न खाता है न खाने देता है। जिनके ऊपर पूरे विश्व की नजर है। सांसद ने जनता से अपने आशीर्वाद को बनाये रखने व आगामी चुनाव में नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जयकिशोर सिंह ने किया। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा, हेमनारायण सिंह, मनोज पांडेय, शिवाजी सिंह, फणीन्द्र सिंह, श्रीकांत सिंह, त्रिलोकीनाथ सिंह, अमरजीत सिंह, राम प्रसाद सिंह, मृत्युंजय पूरी, प्रमोद सिग्रीवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



## लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श चुनाव आचार संहिता में प्रशासन ने हटाया बैनर पोस्टर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी दिखने लगा। मशरक नगर पंचायत बाजार, स्टेशन रोड, बस स्टैंड, अस्पताल के चौक चौराहों एवम दीवारों पर लगे राजनीतिक दलों के पोस्टर बैनर को प्रशासन के द्वारा हटाया गया। नगर पंचायत नाजीर रणधीर सिंह एवम विकास कुमार के नेतृत्व में पोस्टर बैनर हटाओ अभियान चला। होली की शुभकामना को लेकर दो दिन पूर्व लगाए गए बड़े बड़े होल्डिंग पोस्टर आदर्श आचार संहिता में उतार दिए गए। यू कहे कि आचार संहिता को लेकर मशरक को पोस्टर बैनर वार से मुक्ति मिल गई।



## खैरा पुलिस ने सीआईएसएफ के साथ किया फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विधि व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर सी आई एस एफ एवम पुलिस पदाधिकारी तथा जवानों शनिवार को थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला, जिसमें भारी संख्या में अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र प्रसाद, देवाशीष हर्ष, खैरा थानाध्यक्ष अणिमा राणा के साथ पुलिस बल के जवान शामिल हुए। इस बात की जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र प्रसाद ने बताया कि खैरा पुलिस और सी आई एस एफ के जवानों ने थाना परिसर से निकलकर खैरा बाजार,कृष्ण चौक, पटेढ़ा, तुजारपुर, खोदाईबाग सहित थाना क्षेत्र के सभी इलाके में फ्लैग मार्च किया गया।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से शांति कायम रखने और कानून व्यवस्था बनाने में तथा भयमुक्त मतदान करने में सहयोग की अपील की साथ ही संवेदनशील इलाकों का जायजा भी लिया। पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आम जनता के अंदर चुनाव को लेकर भय मुक्त विश्वास पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है।लोकसभा चुनाव व इलाके में विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते पुलिस लगातार विभिन्न संवेदनशील इलाकों में निगरानी कर रही है।

# मशरक के स्थांतरित बीडीओ का विदाई व नये बीडीओ के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के स्थांतरित बीडीओ मो आसिफ के विदाई और नये बीडीओ पंकज कुमार के सम्मान में सम्मान समारोह प्रखंड कार्यालय के परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान नये बीडीओ पंकज कुमार को माला पहनाकर स्वागत किया गया वहीं स्थांतरित बीडीओ मो आसिफ को अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। मौके पर सीओ सुमंत कुमार, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह,कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मनरेगा अधिकारी, डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, कर्ण कुदरिया मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली, बंगरा मुखिया प्रतिनिधि चन्द्रशेखर सिंह, शिक्षक नेता संतोष सिंह,बीडीसी संजय सिंह, चुनमुन बाबा,शशी भूषण सिंह, अमित कुमार, राजेश यादव समेत समस्त प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू और मंच संचालन मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह ने किया। मौजूद वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीडीओ मो आसिफ के कुशल व्यवहार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इनका कार्यकाल प्रखंड में सराहनीय रहा है व हमेशा लोगों के हित में बढ़चढ़कर इन्होंने हर समस्याओं के निदान को तत्पर रहें हैं। नम आंखों से बीडीओ मो आसिफ ने अपने सम्बोधन में सबों का धन्यवाद ज्ञापन करते कहा कि मैं जहां भी रहूंगा मशरक प्रखंड वासियों द्वारा मिला स्नेह व प्यार को कभी भूल नहीं पाउंगा। नये बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि स्थानांतरण नौकरी की एक प्रकिया हैं।



## मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर निकाला प्रभातफेरी

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** प्रखण्ड के सीडीपीओ कार्यालय परिसर में पोषण ट्रेकर से सम्बंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीडीपीओ नितु सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। महिला पर्यवेक्षिका ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद आँगनबाड़ी सेविकाओं को कुपोषण दूर करने के प्रयासों में गुणात्मक सुधार आयेगा और पोषण ट्रेकर द्वारा ही आंगनबाड़ी केंद्र खोलना, गृह भ्रमण, वृद्धि निगरानी, सुखा राशन वितरण आदि कार्य किये जाना है। जिसका विभाग के द्वारा मुल्यांकन भी किया जाता है। इस दौरा मतदाता जागरुकता के लिए भी प्रेरित किया गया। मौके पर सभी को बताया गया कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने- अपने पोषक क्षेत्र में लोक सभा चुनाव को की लेकर मतदाता को लेकर जागरूकता रैली निकालनी है और क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करना है आदि बातें कही। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका प्रिया राज, शिखा कुमार, बीसी सद्दाम हुसैन, उदित कुमार, सेविका अनिता चौबे, रोजी खातून, ज्ञायत्री देवी, हलीमा खातून, शबनम मिश्रा, अनिता देवी, रेखा देवी, पुष्पा देवी, निर्मला देवी, मुनिता देवी समेत अन्य सेविका आदि ने भाग लिया।




## केवीके में प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** प्राकृतिक खेती की ओर किसानों का रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से माँझी कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशिक्षण कक्ष में प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कृषि विज्ञान केन्द्र,मॉझी के उद्यान विशेषज्ञ डॉ0 जितेन्द्र चन्द्र चन्दोला ने कहा कि इस समय प्राकृतिक खेती बहुत बड़ी आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान समय में उर्वरकों व एग्रो-केमिकल्स की कीमतों में काफी इजाफा हुआ है, साथ-साथ समय पर इसकी आपूर्ति की भी समस्या बनी हुई है। ऐसे में किसानों को इनका विकल्प ढूंढना अति आवश्यक है जो की हमारी प्रकृति में मौजूद है‍ किसान अपने खेतों में सूक्ष्म जीवों एवं केंचुआ इत्यादि को सक्रिय कर कृषि लागत को कम कर सकते हैं। ये फसल के पोषक तत्त्वों को उपलब्ध कराने में बहुत ही मददगार होते हैं। सूक्ष्म जीवों व केंचुआ के सहयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी बढाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लगातार भूमि पर रासायनिक कीटनाशकों अथवा खादों का प्रयोग तथा भूमि को प्रतिवर्ष पलटने से भूमि की उर्वरा शक्ति पूरी तरह समाप्त हो चली है। हानिकारक कीटनाशकों के उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होने के साथ-साथ कृषि की लागत भी बढ़ रही है। रासायनिक खेती से मिट्टी की गुणवत्ता में और मनुष्यों के स्वास्थ्य में भी गिरावट आई है। किसानों के पैदावार का आधा हिस्सा उनके उर्वरक और कीटनाशक में ही चला जाता है। यदि किसान खेती में अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं तो उन्हें प्राकृतिक खेती की तरफ अग्रसर होना चाहिए। रासायनिक खाद और कीटनाशक के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा क्षमता काफी कम हो गई है, जिससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ गया है। मिट्टी की उर्वरक क्षमता को देखते हुए प्राकृतिक खेती जरूरी हो गया है। कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ डॉ सौरभ शंकर पटेल जी ने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले उपकरणों, डॉक्टर कन्हैया लाल रेगर ने प्राकृतिक खेती से मृदा स्वास्थ्य में सुधार,डॉ रातुल मोनी राम ने प्राकृतिक खेती से कीट एवं रोगों के प्रबंधन एवं कार्यक्रम सहायक डॉ0 विजय कुमार द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के चार स्तंभ एवं सिद्धांत,जीवामृत घनजीवामृत,बीजामृत एवं नीमास्त्र इत्यादि बनाने की विधि एवं विभिन्न फसलों में उपयोग की विस्तृत में जानकारी भी दी गईद्य कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि जिले में प्राकृतिक खेती की अधिक संभावना है इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने आये किसानों को प्राकृतिक खेती की महत्ता,आवश्यकता एवं लाभ पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग ले रहे हैं।

## जयप्रकाश विश्वविद्यालय के विद्वत परिषद की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

**छपरा (दैनिक खोज खबर)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय विद्वत परिषद की बैठक कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक के कार्यवृत्त को संपुष्ट किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए आए आवेदनों के आलोक में विषय विशेषज्ञों की सूची के लिए सर्वसम्मति से कुलपति को अधिकृत किया गया। 15 मार्च को संपन्न संबद्धता एवं नवशिक्षणिक कार्यक्रम समिति की बैठक के कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। साथ ही पीएचडी की मौखिकी परीक्षा को ऑनलाइन करने तथा पीएचडी के सर्टिफिकेट को कम समय मे वितरित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्नातक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत करने की रूपरेखा तैयार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक स्तरीय सीबीसीएस पाठ्यक्रम के संचालन के लिए स्ववित्तपोषित व व्यावसायिक पाठ्यक्रमो के आधारभूत संरचना को लागू करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में कुलसचिव प्रो रणजीत कुमार, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, दर्शनसास्त्र, वाणिज्य सहित अन्य विभागों के अध्यक्ष, प्राचार्य डॉ शंभू कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग से बचाव व सावधानी के बताए अनेक तरीके

## जीविका दीदियां आग से होने वाले नुकशान,सावधानी को लेकर लोगो को करेगी जागरूक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अग्निशमन कार्यालय के कर्मियों ने सोनपुर प्रखंड कार्यालय कैंपस व परमानंदपुर के शिवपुर सहित अन्य गाँव में पहुँच कर लोगों के बीच आग से बचाव ,सावधानियां बरतने और सुरक्षा के अलावा जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों के बीच विभाग द्वारा जारी पंपलेट का वितरण किया और लोगों से इसे पढ़ने और इसके अनुरूप कार्य करने का आग्रह किया गया। फायर कर्मी मनीष कुमार शुक्ला ने शनिवार को बताया को प्रखंड कार्यालय सोनपुर में प्रायः सभी गांव से ग्रामीण आते हैं। इस उद्देश्य से जागरूकता कैंप आयोजित किया गया था कि अग्निशमन विभाग के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सके। शुक्ला ने यह भी कहा कि आपदा से बचाव के लिए लोगों का सजग और जागरूक होना जरूरी है। इसके अतिरिक्त अग्निशमन कर्मियों ने परमानंदपुर पंचायत के शिवपुर में कैंप लगाकर मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया। जीविका दीदीओं के साथ भी बैठक की और उन्हें जागरुकता अभियान का हिस्सा बनाया। बताया कि जीविका दीदी महिलाओं से संपर्क स्थापित करते हुए आग लगने से होने वाले

नुकसान ,आग से वचाव की जानकारी ग्रामीणों को देंगी। बताया कि अगलगी से बड़े स्तर पर जान माल की क्षति होती है। ऐसी विकट स्थिति आने पर अग्निशमन को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया। जागरूकता कार्यक्रम में फायर स्टेशन के कर्मी मनीष कुमार शुक्ला,नितीश कुमार, नेहा कुमारी,मनीष कुमार सहित अन्य कर्मी जागरूकता अभियान में शामिल रहे।



# मशरक में बिजली के उच्च क्षमता के तार टूटने से करकटनुमा दुकान जलकर राख

**मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के चन्देश्वर मोड़ पर बिजली का उच्च क्षमता का तार टूटकर गिरने से करकटनुमा दुकान में आग लग गई,आग ने देखते ही देखते सब कुछ जलाकर राख कर दिया। दुकानदार विकास कुमार ने बताया कि वह नगरा का रहने वाला है और चंदेश्वर मोड़ पर उसकी सीमेंट का खंभा बनानें का काम करता है उसी को लेकर एक करकटनुमा दुकान बना रखा है जिसमें वह सोता है और सभी आवश्यक सामान रखा हुआ था। घटना के समय वह घर गया हुआ था। उसी के उपर उच्च क्षमता के जा रहें बिजली का तार टूटकर गिर पड़ा और दुकान में आग लग गई आग ने सबकुछ जलाकर राख कर दिया। उसने बताया कि दुकान में रखें 5 हजार नगदी समेत लगभग-लगभग 50 हजार रुपए की क्षति हुई है वहीं बगल में सोए कुते की उसकी चपेट में आ जाने से मौत हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय इलाके में चहल-पहल नहीं थी अन्यथा बड़ी घटना घटने से बच गयी।

# नायगांव पुलिस ने छापामारी कर तीन देसी शराब भट्टी को किया ध्वस्त

## 165 लीटर देशी शराब को किया जप्त

**सोनपुर।** शराब निर्माण,बिक्री कारोबारी के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच नयागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा पार खूटहा दियारा में व्यापक छापेमारी की गई। इस दौरान तीन भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस की भनक लगते ही मौके से शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। इस बात की जनकारी देते हुए नयागांव थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरान 165 लीटर तैयार देसी शराब जप्त कर लिया गया। वही अर्ध निर्मित लगभग 5500 लीटर शराब को जमीन पर बहा दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से भट्टी चलाने वालों में हर कंम्प मच गया।

# जैतीया बंसवारी में आग लगने से बांस हुआ क्षतिग्रस्त

**सोनपुर।** अग्निशमन विभाग के द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि कहीं भी सिगरेट ,बीड़ी पीते हैं तो उस तिल्ली को ना फेक इसके अलावा सावधानी पूर्वक घर में खाना बनाएं, लेकिन फिर भी कुछ नासमझ लोग थोड़ी सी गलती कर देते हैं जिसके कारण से नुकसान हो जाती है। ऐसा ही मामला सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत जहांगीरपुर पंचायत के जैतीया गांव स्थित वार्ड 10 मे अचानक रंजीत दुबे के बसवारी में आग लगने से वहां अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया।जहां आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश करते हुए इस घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग कर्मियों को दी। जहां सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के टीम ने शनिवार को पहुंचकर घटनास्थल पर लगे आग को बुझाने में कामयाब रहे। इसमें किसी प्रकार के अप्रिय घटना नहीं हुई। इस घटना के संबंध में अग्निशमन कर्मी ने शशिकांत कुमार संतोषी ने बताया कि आग कैसे लगी है यह कोई भी बताने से इनकार किया लेकिन आग कहीं ना कहीं कोई सिगरेट या बीड़ी पीकर बसबारी में फेंक दिया हैं। जिसके कारण आधे दर्जन बांस क्षतिग्रस्त हो गया है।

# अखण्ड अष्टयाम को ले निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** रामपुर खाकी बाबा के टोला स्थित देवी स्थान पर 24 घंटे के अखण्ड अष्टयाम को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।हाथी घोड़े बैंड बाजे के साथ निकाली गई भब्य कलश यात्रा में सैकड़ों नर नारियों ने भाग लिया।कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर गांव का परिभ्रमण करते हुए आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में पवित्र गंगाजल भरी गई।कलश यात्रा में जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।कलश यात्रा में मनोरम झांकी भी आकर्षण का केन्द्र था।अखण्ड अष्टयाम के समापन के बाद भब्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।कलश यात्रा में मुख्य रूप से सारण जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष व जदयू नेता वैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल,प्रो सत्येन्द्र सिंह,ओमप्रकाश शर्मा,रामविचार सिंह,विनोद सिंह,सुदर्शन सिंह,दीलिप सिंह,विजय सिंह,राजकिशोर सिंह,अर्जुन सिंह,भोला राय,चन्देश्वर सिंह,उमेश सिंह,शिवप्रसन्न सिंह,अमित कुमार आदि शामिल थे।

# ट्रेन से कटकर एक अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** छपरा बलिया रेलखण्ड पर स्थित नए माँझी रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर एक अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार के देर शाम की बताई जाती है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँची जीआरपी की पुलिस ने शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। मृतक माँझी थाना क्षेत्र के गुर्दाहाँ कला गाँव निवासी जय प्रकाश महतो उम्र 50 वर्ष बताया जाता है। घटना के सम्बंध में पूछे जाने पर ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मजदूरी करके शुक्रवार की देर शाम वापस अपने घर लौट रहा था इसी बीच रेल लाइन पार करते वक्त किसी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया तथा ट्रेन से कटकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उधर सूचना मिलने के बाद रोते बिलखते छपरा पहुँचे परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद रेल प्रशासन से शव को हस्तानांतरित कर उसका दाह संस्कार कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा चार पुत्र व दो पुत्रियाँ हैं। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# शाहपुर के एक युवक की इलाज के दौरान मौत, घर में मचा कोहराम

सोनपुर। सोनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के एक युवक इंद्रमणि सिंह के पुरानी गंडक पुल पर गुरुवार के शाम को हाजीपुर से घर सामान खरीद कर मोटरसाइकिल से आ रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मार कर घायल कर फरार हो गया। ठोकर लगने के बाद इस घटना की जानकारी राहगीरों ने हाजीपुर पुलिस को दी। जहां घायल अवस्था में युवक को हाजीपुर पुलिस ने सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया और इस घटना की जानकारी घर के परिजनों को दी। जहां घायल के परिजन राजीव रंजन सिंह सहित अन्य घर के सदस्यों ने अस्पताल पहुंचा जहां इस घटना में घायल इंद्रमणि सिंह को नाजुक हालत देखकर डॉक्टर ने रेफर पटना पीएमसीएच कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत पटना में शुक्रवार के शाम हो गया। शव को घर पर लाकर मृतक के अंतिम संस्कार पहलेजा घाट गंगा नदी में मृतक के पुत्र आकाश कुमार ने मुखअग्नि दिया। इस बात की जानकारी देते हुए समिति सदस्य राहुल कुमार सिंह,मृतक के भाई राजीव रंजन सिंह ने शनिवार को बताया कि मृतक इंद्रमणि सिह उम्र 42 वर्ष पिता शिव शंकर सिंह घर शाहपुर है। मृतक इंद्रमणि सिंह के दो लड़का छोटा छोटा है। इस घटना के बाद से गांव में हाहाकार मच गया और परिवार जनों में रो- रो के बुरा हाल है।

## रमजान आते ही फलों के दामों में आई उछाल

**बसंतपुर (सिवान)** ~ मुस्लिम भाइयों का पाक महीना में रोजा शुरू होते ही फलों के दामों में उछाल आ गया है। फल दुकानदार ब्रजेश साह ने बताया कि फल की खरीदारी महंगा होने से दामों में बढ़ोतरी हुई है। बाजार में अंगूर 80 रुपये प्रति किलोग्राम, पपीता 50 रुपये, तरबूज 40 रुपये, सेव 140 रुपये, अनार 140 रुपये, संतरा 80 रुपये, खजूर 240 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। वहीं केला 50 रुपये दर्जन, नारियल 30 रुपये पीस, कीवी 3 एक डिब्बा 100 रुपये बिक रहा है।

## मारपीट की प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ~ थाना क्षेत्र के मोरा निवासी लालबाबू राय की पत्नी नूरजहां बीबी ने शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही मुमताज राय, पीर मोहम्मद, शहाबु राय, लुटन राय, नजरिना बीबी एवं नाजनी बीबी पर मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**आंदर(सिवान)** ~ स्थानीय थाने की टीम ने शुक्रवार को मियां के भटकन गांव में छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई करने के बाद शनिवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में मियां के भटकन निवासी टुनटुन यादव एवं गणेश यादव उर्फ रमेश यादव शामिल है।

## मारपीट कर युवक को किया घायल

**दरौली(सिवान)।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मण चक गांव में शनिवार को दो युवकों ने किसी बात को लेकर एक युवक की पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरौली में भर्ती कराया है। घायल युवक लक्ष्मण चक निवासी अमरेंद्र साहनी ने थाना में आवेदन देकर दो लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## भूमि विवाद निपटारा शिविर में कई मामलों का निष्पादन

**महाराजगंज।** थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कई मामले की सुनवाई की गई। शिविर में सीओ जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा ने विभिन्न गांवों से पहुंचे दर्जनों लोगों के भूमि विवाद से संबंधित मामले का निष्पादन किया। इस अवसर पर पुअनि राजेश कुमार सिंह, कर्मचारी रितु राज कुमार आदि उपस्थित थे।

## काव्य गोष्ठी व होली गायन की तैयारी पूरी

**सिवान** ~ शहर के रामदेव नगर स्थित पूर्व प्राध्यापक डा. रामचंद्र सिंह के आवास पर रविवार की शाम होली गायन सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए डा. रामचंद्र सिंह ने बताया कि इसके माध्यम से होली की विलुप्त होती सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का एक लघु प्रयास किया जाएगा। इसमें कई कलाकार एवं गणमान्य लोग शामिल होंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## विधान पार्षद मंगल पांडेय व विधायक नीरज को मंत्रिमंडल में शामिल होने पर खुशी

**सिवान।** प्रदेश की नीतीश सरकार में विधान पार्षद सह पूर्व मंत्री मंगल पांडेय और विधायक सह पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा जिला प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. जितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाल तथा गुलाल उड़ाकर नारे लगाए गए तथा एक-दूसरे को बधाई दी। इसके बाद भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने पटना पहुंच कर दोनों मंत्रियों को बुके देकर बधाई दी। शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने कहा कि उन लोगों जैसे अनुभवी व्यक्तियों को मंत्री बनाकर भाजपा ने संपूर्ण बिहार को सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में सभी वर्गों को समुचित प्रतिनिधित्व मिला है। हम उम्मीद करते हैं कि नई सरकार सूबे के लोगों की आशा और आकांक्षा पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि मंगल पांडेय के मंत्री बनने से न सिर्फ सिवान बल्कि सारण और सूबे में भी सर्वांगीण विकास होगा। जनता के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

## विद्युत तार को ले मारपीट, आठ आरोपित

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के लकड़ी दरगाह गांव में शुक्रवार को विद्युत तार टांगने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में एक पक्ष के धर्मेंद्र कुमार ने शनिवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही गुड्डू कुमार, सुनील कुमार, पप्पू कुमार, उमाशंकर साह, राजू साह, संजू साह, नेहा किरण, संजय प्रसाद को आरोपित किया है। उसने आरोप लगाया है कि हमलोग विद्युत तार टांग रहे थे उक्त सभी आरोपित जान से मारने की नीयत से हमला कर घायल कर दिए। मुझे बचाने आई हरेंद्र महतो की पत्नी रीना देवी, सरस्वती कुमारी भी घायल हो गई। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने कहा कि आवेदन मिला है, मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्य समिति सदस्य बने डा. रामेश्वर

**सिवान।** शहर के गौशाला रोड पकड़ी बंगाली मोहल्ला निवासी चिकित्सक सह समाजसेवी डा. रामेश्वर कुमार सिंह को भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर चिकित्सक समाज के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। डा. रामेश्वर कुमार सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, प्रदेश संयोजक डा. बी झा, मृणाल आदि समेत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पार्टी की अपेक्षा पर खरा उतरने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि पुनः एक बार देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। वहीं डा. सिंह को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यसमिति सदस्य बनने पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, पूर्व विधायक व्यासदेव प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. अभिमन्यु सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, राजेश श्रीवास्तव आदि ने बधाई दी है।

## रैली के माध्यम से लोगों को दिया गया मतदान का संदेश

### छात्र-छात्राओं ने नारे लगा मतदान के महत्व को समझाया

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड के मुस्तफाबाद बाजार में शनिवार को स्थानीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। रैली के माध्यम से बच्चों ने लोगों को मतदान के महत्व को समझाते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पोषक क्षेत्र में रैली प्रधानाध्यापक वकील अहमद, सरफराज अहमद आदि के नेतृत्व में निकाली गई। मौके पर छात्र विवेक कुमार, अमीर खान, जमशेद आलम, शनि कुमार, पंकज कुमार, निकहत शाहिना, खदीजा खातुन, प्रियंका कुमारी आदि ने कई नारों के माध्यम से लोगों को मतदान संबंधित संदेश दिए। रैली के दौरान कई जगहों पर शिक्षकों ने भी ग्रामीणों को मतदान के महत्व को समझाया। उन्हें बताया कि आप अपना वोट देकर ही सही प्रतिनिधि को चुन सकते हैं। इससे विकास की नई कहानी लिखी जा सकती है। रैली के दौरान युवाओं को विशेष रूप से मतदान के लिए जागरूक किया गया। मौके पर वसीमुद्दीन अंसारी, सज्जाद अली, अभय कुमार, श्रुति कुमारी, रेयाज सफदर, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

# सच्चे भक्त के बुलाने पर दौड़े-दौड़े आते है भगवान : कुमकुम



**दैनिक खोज खबर/ पंचदेवरी(गोपालगंज)।** ज्ञानी परमात्मा को बुलाते बुलाते थक जाता है । लेकिन, परमात्मा नहीं आते है । वहीं एक सच्चा भक्त के बुलाने पर परमात्मा दौड़े दौड़े चले आते है । जटायु को भगवान ने उनके पास आकर दिया । इस लिए इश्वर को पाना है तो ज्ञानी नहीं प्रेमी भक्त बनना जरूरी है ।उक्त बातें श्रीराम जानकी मंदिर भाठवां में संत शिरोमणि बाबा विशंभर दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ के छठवें दिन बनारस से पधारीं मानस कोकिला सुश्री कुमकुम मिश्रा ने कथा प्रवचन के दौरान कही । उन्होंने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन मे कुछ भी सीखने के लिए गुरु की आवश्यकता होती है। बिना गुरु के कोई भी कार्य आप सुचारु ढंग से नही कर सकते तो अध्यात्म को बिना गुरु के कैसे जान पाएंगे तथा भक्ति कैसे कर पाएंगे? गोस्वामी तुलसी दास जी ने कहा की गुरु बिनु भव निधि तरई न कोई जों बिरंचि शंकर सम होई यानि बिना गुरु के इस भवसागर से निकालना मुश्किल ही नहीं असंभव भी है। एक साधारण नदी को आप बिना नाव के पार नही कर सकते तो भवसागर कैसे पार करेंगे? मोक्ष मुलं गुरु कृपा, मोक्ष गुरु के कृपा से ही हो सकता है। गुरु कौन ओर कैसा होना चाहिए? भगवान शिव गुरु के बारे मे कहते हैं की अखंड मंडलाकरम व्याप्तम स्चरचरम तत पदम दर्शितम तस्मे श्री गुरुवे नमऱ्यानि जो अखंड मंडल मे शक्ति निहित है। उस शक्ति को जो तत्क्षण दिखा दे वही गुरु है। यानि हमारे आपके अंदर जो शक्ति है जिसके कारण हम और आप देख पा रहे हैं सुन पा रहे हैं बोल पा रहे हैं उस शक्ति को जो तत्क्षण दिखा दे वही गुरु है। मौके अर्धेन्दू बाबू , सर्वेश्वर दास, उपेन्द्र मिश्र, यज्ञ के ब्रम्हा चन्द्रशेखर द्विवेदी, पं अमीत पाण्डेय, यजमान धनंजय मिश्र, निराला बाबा, दीपक त्यागी, संतोष दुबे, हरकेश मिश्र, सभाजीत पाण्डेय, प्रदीप सिंह, बुलट मुखिया, मुकेश दास, श्रीराम मिश्र, वशिष्ठ पाण्डेय, चन्द्रमा यादव, रवि रंजन श्रीवास्तव, सच्चिदानंद आदि थे ।

## सिवान में 29 अप्रैल से होगा लोक सभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का नामांकन, आदर्श आचार संहिता लागू




**परवेज़ अख्तर/सिवान।** 18वीं लोकसभा के लिए शनिवार को चुनाव का ऐलान कर दिया गया। इसके साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया। आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न कराने को तैयारी तेज कर दी गई है।

**29 अप्रैल से होगा उम्मीदवारों का नामांकन :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में छठवें चरण में चुनाव होगा। लोकसभा चुनाव को ले जिले में 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो छह मई तक चलेगी। सात मई को नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा की जाएगी। वहीं नौ मई तक उम्मीदवार नामांकन वापसी ले सकेंगे। इसके लिए 25 मई को मतदान होगा। वहीं चार जून को मतगणना के साथ जीते हुए उम्मीदवार की घोषणा होगी। जबकि छह जून को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी।

## पंचायत सचिव पर दुर्व्यवहार का आरोप

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड रतन पड़ौली निवासी ओसिहर महतो की पत्नी कविता देवी ने शुक्रवार को बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत सचिव विकास उपाध्याय पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र डिजिटल के लिए सत्यापन कराने गई थी, इस दौरान पंचायत सचिव विकास उपाध्याय ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सत्यापन करने से मना कर दिया। इस संबंध में बीडीओ कुमार विशाल ने बताया कि इस मामले की जांच करने का निर्देश प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया है।

## पांच लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बसंतपुर (सिवान)** ~ स्थानीय थाने की टीम ने शुक्रवार को सरेया अंसारी टोला में छापेमारी कर पांच लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर सरेया अंसारी टोला निवासी बिजेंद्र राम के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर शनिवार को जेल भेज दिया गया।

# रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर में 23 अभ्यर्थियों का हुआ चयन




**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बिहार कौशल विकास मिशन व श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय द्वारा शहर के महादेवा रोड स्थित जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में शनिवार को एक दिवसीय जाब कैंप का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी राजेश कुमार व नियोक्ता कंपनी के प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर जाब कैंप का विधिवत उद्घाटन किया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजन शिविर में 40 अभ्यर्थियों ने अपना बायोडाटा जमा किया। इसमें से 23 अभ्यर्थियों का अंतिम रुप से चयन कर लिया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि नियोजन शिविर युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक अच्छा अवसर है। वहीं उनके द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर उपस्थित युवाओं को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित तीनों योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना और कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर डीआरसीसी के प्रबंधक कुमार भास्कर, डीएसएम कामेश्वर कुमार, डीएसई पुष्पेंद्र कुमार चौरसिया सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## चुनावी पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**जीरादेई (सिवान)।** प्रखंड के रुईया बंगरा स्थित उच्च विद्यालय में शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। चुनावी पाठशाला को संबोधित करते हुए शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने चुनाव में युवाओं विशेषकर छात्राओं एवं महिलाओं को निर्वाचन के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को बताया गया कि देश में प्रजातंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागारुकता अभियान का संचालन किया जा रहा है, क्योंकि आने वाले चुनाव में मतदान करके देश में प्रजातंत्र को मजबूत बनाएं। शिक्षक अताउर रहमान ने विद्यार्थियों को समझाया कि यदि व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो वह व्यक्ति निर्वाचन के दौरान मत का प्रयोग नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया गया कि मतदाता सूची में नाम होने के बाद ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग करने के लिए कई प्रकार का विकल्प दिए जाते हैं, लेकिन कोई व्यक्ति 18 आयु का हो उसका नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं है तो फिर वह मतदान से वंचित रहेगा। अगर आपलोगों के घर किसी व्यक्ति की आयु 18 हो तो उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वह अपने स्थानीय बीएलओ से संपर्क करके नाम जुड़वा लें, आने वाले चुनाव में सभी लोग अपने घर के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस मौके पर अनीश आनंद, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, जरीना खातून, रेनू यादव आदि बच्चों को मतदान के अधिकार एवं महत्व की जानकारी दी। इस मौके पर निरंजन मिश्रा, अरविंद शर्मा, शीला देवी, रीता देवी, सुनील कुमार, जीनत प्रवीन आदि उपस्थित थे।

# स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा का विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने किए निरीक्षण

### कदाचार के आरोप में सारण में 8 व सिवान में 6 परीक्षार्थी हुए निष्कासित



**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्विद्यालय स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2022-2025 की परीक्षा का विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने औचक निरीक्षण किए। सारण जिले से कुल 8 परीक्षार्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया।इस दौरान सीवान में कुल 6 निष्कासन हुआ। सभी महाविद्यालयों में कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा चल रही थी। विभिन्न महाविद्यालयों में कदाचार के आरोप में कई परीक्षार्थियों के निष्कासन का असर भी साफतौर पर दिख रहा था और परीक्षार्थी कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा दे रहे थे। विश्वविद्यालय के निरीक्षण दल में कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद शामिल थे। उल्लेखनीय है कि कुलपति द्वारा सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षाओं का लगातार निरीक्षण किया जाय। कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई, कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार और समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने और कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर कृतसंकल्प हैं और परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले परीक्षार्थियों का लगातार निष्कासन किया जा रहा है।

## शिक्षक पर आठवीं के छात्र को बेरहमी से पीटने का आरोप

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के चैनपुर स्थित सहायता प्राप्त मध्य विद्यालय के एक शिक्षक पर एक आठवीं क्लास के छात्र को डंडे से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र के पिता चैनपुर निवासी विश्वकर्मा चौहान ने पुलिस एवं बीईओ को आवेदन देकर उक्त शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। विश्वकर्मा चौहान ने आरोप लगाया है कि उनका पुत्र आयुष राज चैनपुर स्थित सहायता प्राप्त मध्य विद्यालय में कक्षा आठ में पढ़ता है। वह 14 मार्च को विद्यालय पढ़ने गया था। इस दौरान अन्य बच्चों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों छात्रों में मारपीट होने लगी तभी किसी छात्र ने इसकी सूचना उक्त शिक्षक से की। इससे गुस्साए शिक्षक ने मेरे पुत्र को डंडे से पिटाई कर विद्यालय से भगा दिया। जब मेरा पुत्र कराहते हुए घर पहुंचा तो उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पीठ समेत शरीर के अन्य भागों में चोट के निशान हैं। पीड़ित छात्र के पिता ने आरोप लगाया कि उक्त शिक्षक द्वारा इसके पूर्व भी कई छात्रों की बेरहमी से पिटाई की जा चुकी है। इस मामले में पूछे जाने पर बीईओ चंद्रभान सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। प्रधानाचार्य और शिक्षक से घटना की जानकारी लेकर जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर शिक्षक पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालयों में बच्चों को दी गई डायरिया से बचाव की जानकारी

**सिवान।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम ( सुरक्षित शनिवार) कार्यक्रम के तहत शिक्षकों द्वारा बच्चों को गर्मी के दिनों में होने वाले डायरिया से बचाव की जानकारी दी गई तथा इसके प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई। बच्चों को डायरिया के लक्षण और तत्काल किए जाने वाले उपायों के बारे में बताते हुए उन्हें जागरूक किया गया। जानकारी के अनुसार गोरेयाकोठी प्रखंड के सावना स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मुस्तफाबाद समेत अन्य विद्यालयों में बच्चों को बताया गया कि गर्मी के दिनों में अधिक से अधिक पानी का सेवन करने, डायरिया होने की स्थिति में ओआरएस का घोल पीने के साथ ही चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी गई। इस मौके पर शिक्षक वकील अहमद, सरफराज अहमद, नित्येंद्र नारायण सिंह, मायाशंकर गुप्ता आदि मौजूद थे।वहीं दारौंदा प्रखंड मुख्यालय समेत उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमसापुर, माध्यमिक विद्यालय कोड़ारी कला आदि विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत बच्चों को डायरिया से बचाव की जानकारी दी गई। इसके अलावा बड़हरिया, बसंतपुर, भगवानपुर हाट, महाराजगंज, लकड़ी नबीगंज, आंदर, जीरादेई, सिसवन, रघुनाथपुर, हुसैनगंज, हसनपुरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

## आग्नेयास्त्रों का भौतिक सत्यापन 18 से

**महाराजगंज (सिवान)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना परिसर में 18 मार्च से 20 मार्च तक तक आग्नेयास्त्र का सत्यापन होगा। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा ने बताया कि जो अनुज्ञप्तिधारी अपने आग्नेयास्त्र का सत्यापन नहीं कराएंगे उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**दारौंदा (सिवान)।** दारौंदा रेलवे जंक्शन पर शनिवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दारौंदा थाना क्षेत्र के मिल्की निवासी शैलेश कुमार राम के रूप में हुई है।बताया जाता है कि मिल्की निवासी शैलेश कुमार राम दारौंदा जंक्शन स्थित ओवरब्रिज के रास्ते महाराजगंज जा रहे थे। तभी उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की जानकारी होते ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान इसकी सूचना मृतक के स्वजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के स्वजन घटनास्थल पर पहुंच गए। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी ममता देवी, पुत्री मोती कुमारी, मां लालमति देवी, भाई मिथिलेश कुमार राम, चाचा जयराम राम, हरेंद्र राम, हरे राम, योगेंद्र राम के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को स्वजनों को सौंप दिया।

# डीडीसी ने सेक्टर पदाधिकारियों को दिए कई निर्देश

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आइटी भवन सभागार में शनिवार को बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव की तैयारी से संबंधित चर्चा हुई। इस दौरान दारौंदा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की गई। डीडीसी मुकेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में सभी मतदान केंद्रों पर टेलीफोन, बिजली, रैंप सहित अन्य सुविधाओं का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर सभी बीएलओ को पहले ही निर्देश दिया जा चुका है। समीक्षा के दौरान सेक्टर पदाधिकारियों से अलग-अलग मतदान केंद्रों के भ्रमण तथा भौतिक सत्यापन की जानकारी ली गई। इस क्रम में कुछ मतदान केंद्रों पर बिजली सुविधा नहीं होने की बातें सामने आई जिसका तत्काल समाधान कराने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने कहा कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अराजक स्थिति न बने और निष्पक्ष तरीके से लोग भयमुक्त होकर मतदान कर सकें इसके लिए अभी से ही माहौल बनाए जा रहे हैं। मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो इसके लिए जागरुकता रैली भी की जा रही है। बैठक में बीपीआरओ कुमार कार्तिकेय, सीडीपीओ उषा सिंह, राजस्व अधिकारी स्वर्णिका चंद्रा, बीडीओ क्रमशः राजेश कुमार, राजेश्वर राम, सिसवन सीओ पंकज कुमार, उदयन सिंह, एमओ क्रमशः अमूल्य कुमार, अरुण कुमार,एमओ विनीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# उच्च विद्यालयों में आरंभ हुई नौवीं की वार्षिक परीक्षा

**सिवान।** जिले के विभिन्न उच्च विद्यालयों में शनिवार से कक्षा नौवीं की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में आरंभ हो गई। परीक्षा दो पाली में शुरू हुई। बड़हरिया के उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि परीक्षा दोनों पाली में परीक्षा 20 मार्च तक होगी। पहली पाली पूर्वाह्न 9.30 बजे से अपराह्न 12.45 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2.00 बजे से 4.45 बजे तक हुई। पहली पाली में हिंदी तथा दूसरी पाली में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा ली गई। वहीं परीक्षा को ले बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए शिक्षक निगरानी करते रहे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि नौवीं की 18 मार्च को पहली पाली में गणित तथा दूसरी पाली में अंग्रेजी, 19 मार्च को पहली पाली में संस्कृत एवं दूसरी पाली में विज्ञान तथा 20 मार्च को दोनों पाली में ऐच्छिक विषयों की परीक्षा ली जाएगी। इसके अलावा भगवानपुर हाट, बसंतपुर, लकड़ी नबीगंज, दारौंदा, महाराजगंज, मैरवा, गुठनी, हसनपुरा, हुसैनगंज, सिसवन, रघुनाथपुर, जीरादेई आदि प्रखंडों के उच्च विद्यालयों में नौवीं की परीक्षा आरंभ हुई है। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला।